# पंजाब में चीनी उत्पादन महज 5% तक बढ़ने के आसार

**बिजनेस भास्कर** ♦ चंडीगढ़

**इस** साल गन्ने के 10,000 एकड़ बढ़े रकबे के बावजूद पंजाब में चीनी उत्पादन मात्र 5 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है। इसमें 7 प्राइवेट चीनी मिलों में 65 फीसदी और 9 सहकारी मिलों में 35 फीसदी चीनी उत्पादन होने के आसार हैं। प्राइवेट चीनी मिलें किसानों को सहकारी मिलों की तुलना में 20 से 50 रुपये प्रति क्विंटल अधिक भाव देकर ज्यादा गन्ने की खरीद कर रही हैं। इस बार 550 लाख क्विंटल में से तकरीबन 375 लाख क्विंटल गन्ना चीनी मिलों में पेराई के लिए आने की संभावना है। पिछले साल राज्य की 16 चीनी मिलों में पेराई के लिए 343 लाख क्विंटल गन्ना आया था। इसमें 7 प्राइवेट चीनी मिलों ने राज्य के समर्थन मूल्य (सैप) से अधिक रेट देकर 251 लाख क्विंटल गन्ना की खरीद की थी जबकि 9 सहकारी चीनी मिलें सैप पर मात्र 91.40 लाख क्विंटल गन्ना ही खरीद पाई थी।



**इजाफा**

- वित्त वर्ष 2012-13 में 31 लाख क्विंटल उत्पादन चालू वित्त वर्ष में 33 लाख क्विंटल होने की उम्मीद
- 65 फीसदी चीनी उत्पादन प्राइवेट मिलों में
- गन्ना किसानों को 20 से 50 रुपये प्रति क्विंटल अधिक रेट दे रही हैं प्राइवेट मिलें

पंजाब में इस साल गन्ने के 10,000 एकड़ बढ़े रकबे के चलते चीनी मिलें फरवरी तक चलने की उम्मीद है। पिछले साल के 90,000 एकड़ रकबा में 493 लाख क्विंटल की तुलना में इस साल यहां एक लाख एकड़ गन्ने के रकबे में 550 लाख क्विंटल गन्ने की पैदावार की उम्मीद है। 2012 13 में 31 लाख क्विंटल चीनी उत्पादन करने वाले पंजाब में इस साल 33 लाख क्विंटल उत्पादन होने की उम्मीद है। पंजाब के गन्ना आयुक्त रणजीत सिंह के मुताबिक इस साल गन्ना की उपज प्रति हैक्टेयर और इससे चीनी की रिकवरी घटने की संभावना है। 2012 13 में प्रति हैक्टेयर 704 क्विंटल गन्ने की पैदावार देने वाले पंजाब में इस साल यह घटकर 665 क्विंटल प्रति हैक्टेयर होने की संभावना है, वहीं पिछले साल 8.80 फीसदी चीनी की रिकवरी देने वाले यहां के गन्ने में इस साल रिकवरी 8.75 फीसदी रहने की उम्मीद है। सिंह ने बताया कि यहां गन्ने की पैदावार में से अमूमन 60 से 70 फीसदी चीनी मिलों में पेराई के लिए आता है और बाकी गुड़ और शक्कर बनाने के लिए किसान रख लेते हैं।

**पंजाब में गन्ने का रकबा** (एकड़ में)

| वर्ष | रकबा |
|---|---|
| 2008-09 | 94,000 |
| 2009-10 | 60,000 |
| 2010-11 | 70,000 |
| 2011-12 | 80,000 |
| 2012-13 | 90,000 |
| 2013-14 | 1,00000 |

Business Bhaskar
26/11/13